**प्रेस नोट**
**दिनांक – 21.10.2025**
**जनपद – गोण्डा**

**"पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज, पुलिस अधीक्षक गोण्डा, सेनानायक 30वीं वाहिनी पीएसी एवं पुलिस के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में अमर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि**

आज दिनांक 21.10.2025 को "पुलिस स्मृति दिवस" के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज श्री अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल एवं सेनानायक 30वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा श्री त्रिभुवन सिंह सहित जनपद के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अमर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धा-सुमन/पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।
पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री अमित पाठक ने कहा कि "हमारे वीर पुलिसकर्मी राष्ट्र की सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने प्राणों की आहुति देते हैं। उनका यह बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और हम सभी को कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।"
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने कहा कि "शहीद पुलिसकर्मियों ने देश और समाज की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, वह सदैव पुलिस बल के लिए गर्व का विषय रहेगा। उनके त्याग और समर्पण से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक पुलिसकर्मी को जनता की सुरक्षा और सेवा में तत्पर रहना चाहिए।"
कार्यक्रम के दौरान वर्ष 21.10.24 से 21.10.25 तक देशभर में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए 186 पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इनमें उत्तर प्रदेश पुलिस के भी 03 वीर जवान शामिल रहे जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। 20.01.25 को निरीक्षक सुनील कुमार (एसटीफ दलनायक) जनपद शामली में एक लाख के इनामी बदमाश की तलाश में अपनी टीम के साथ गए थे। मुठभेड़ के दौरान उन्होंने बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की, लेकिन गंभीर रूप से घायल हो गए और 22.01.25 को इलाज के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। दिनांक 12.05.25 को जनपद जौनपुर में मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा गो-तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के दौरान अपराधियों ने पुलिस टीम पर वाहन चढ़ा दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान शहीद हो गये। दिनांक 25.05.25 को आरक्षी सौरभ कुमार गाजियाबाद में एक वांछित अपराधी की गिरफ्तारी के दौरान अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी में वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने अंतिम सांस तक डटे रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया।
कार्यक्रम के दौरान पुलिस स्मृति दिवस 1959 की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का भी उल्लेख किया गया जब 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख क्षेत्र में सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टीम पर चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया था। मातृभूमि की रक्षा हेतु वीर जवानों ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इन्हीं अमर शहीदों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को "पुलिस स्मृति दिवस" मनाया जाता है।
कार्यक्रम में श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज श्री अमित पाठक द्वारा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया गया।

**इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित पुलिस एवं पीएसी के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 21.10.2025**
**जनपद – गोण्डा**

**पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान की प्रगति एवं आगामी त्योहारों भाई दूज, मां लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन व छठ पूजा के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में की गई समीक्षा गोष्ठी**

आज दिनांक 21.10.2025 को आगामी पर्व भाई दूज, मां लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन एवं छठ पूजा के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार, गोण्डा में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ एक समीक्षा एवं समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान आगामी पर्वों को विगत वर्षों की भांति शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था के साथ संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
गोष्ठी में पुलिस महानिरीक्षक श्री अमित पाठक ने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखी जाए, सोशल मीडिया की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाए तथा धार्मिक आयोजनों में समुचित समन्वय एवं संवाद बनाकर शांति व्यवस्था कायम रखी जाए। एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने कहा कि "भाई दूज, प्रतिमा विसर्जन एवं छठ पूजा जैसे पर्वों के दौरान जनसहभागिता अत्यधिक रहती है। ऐसे में प्रत्येक थाना क्षेत्र में पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था करें, भीड़-प्रबंधन हेतु स्थानीय प्रशासन व स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाए तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए।" साथ ही कहा कि जलाशयों, घाटों एवं विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा दृष्टि से गोताखोरों, जल पुलिस एवं फायर यूनिट की तैनाती सुनिश्चित की जाए। बैठक में धार्मिक आयोजनों के रूट चार्ट, ट्रैफिक डायवर्जन, महिला सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व प्रकाश व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सहित सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।
पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने “मिशन शक्ति 5.0” अभियान से संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए और कहा कि "त्योहारों के दौरान महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाना क्षेत्र में महिला बीट सिस्टम को और सक्रिय किया जाए, एंटी रोमियो स्क्वॉड की गश्त बढ़ाई जाए, तथा सार्वजनिक स्थलों, घाटों व बाजारों में महिला पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।" और मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखते हुए विद्यालयों, महाविद्यालयों व बाजार क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक किया जाए।
पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में धर्मगुरुओं, पूजा समितियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर पारस्परिक समन्वय बनाए रखें। इसके अतिरिक्त, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा तथा मिशन शक्ति अभियान की प्रगति से संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की।

**इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी नगर, सदर, तरबगंज, करनैलगंज, मनकापुर सहित सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, यातायात प्रभारी तथा अन्य शाखाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 21.10.2025**

**थाना को0 नगर पुलिस द्वारा 03 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से रु0 10,000/- नगद व 01 पीली धातु की चैन बरामद-**

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान शातिर चोर 01. निधि पाण्डेय पुत्री विमल पाण्डेय 02. बृजेश मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद मिश्रा व 03. सुनील कुमार सोनी पुत्र घनश्याम सोनी को मनकापुर बस अड्डा तिराहे के पास गिरफ्तार कर उनके पास से 10,000/- व एक अदद पीली धातु की चेन बरामद की गई ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 19.10.2025 को अमित कुमार पाण्डेय पुत्र उदय नारायण पाण्डेय निवासी अकबरपुर गौहानी तरबगंज गोण्डा वर्तमान पता कच्चे बाबा मार्ग आवास विकास कालोनी गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में तहरीर दी गई कि उनके घर पर रहने वाली नौकरानी निधि पाण्डेय जो पीछले कुछ दिनों से मेरे घर से एक सोने की चैन एक हीरे की अंगूठी एक सोने की अंगूठी, 5 जोडी कान का आभूषण, 3 नाक की कील जिसकी अनुमानित कीमत 5.50 लाख रूपये अपने मित्र बृजेश मिश्रा के साथ मिलकर चोरी कर गणेश ज्वैलर्स उतरौला रोड कि दुकान पर बेचा दिया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर पर सिसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । आज दिनांक 21.10.2025 को को0 नगर पुलिस द्वारा विवेचना व साक्ष्य संकलन के दौरान आरोपी अभियुक्तगण 01. निधि पाण्डेय पुत्री विमल पाण्डेय 02. बृजेश मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद मिश्रा व 03. सुनील कुमार सोनी पुत्र घनश्याम सोनी को मनकापुर बस अड्डा तिराहे के पास गिरफ्तार कर उनके पास से 10,000/- व एक अदद पीली धातु की चेन बरामद की गई । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. निधि पाण्डेय पुत्री विमल पाण्डेय निवासी भगहर बुलन्द, थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा।
2. बृजेश मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद मिश्रा निवासी बिजली भवानी बनघुसरा, थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा।
3. सुनील कुमार सोनी पुत्र घनश्याम सोनी निवासी राधाकुण्ड, पुरानी सब्जी मण्डी, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0 831/2025, धारा 306 भा0न्या0सं0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) भा0न्या0सं0, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. एक अदद पीली धातु की चेन
02. नगद ₹10,000/-

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

1. उ0नि0 श्री राहुल प्रकाश
2. का0 देव कुमार
3. का0 अरूण कुमार
4. म0आ0 पूनम

**मीडिया सेल, गोण्डा।**